मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 9 | अंक - 52 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 12 सितंबर से 18 सितंबर 2022 | पृष्ठ : 4 | कीमत : 3 /- रुपये

## कृतज्ञ पल !




प्रिय पाठकों..

विज्ञापन दाताओं एवं शुभचिंतकों,

आप सभी को यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर आगामी 19 सितंबर 2022 को 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

इसी प्रतीक संकेत के तौर पर आगामी 19 सितंबर 2022 को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का एक विशेषांक प्रकाशित होने जा रहा है।

एक दशक की इस लंबी यात्रा में सुचारू रूप से हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का प्रकाशन अपने पाठकों, विज्ञापन दाताओं एवं शुभचिंतकों से सुलभ हो पाया है। सभी का आभार इस प्रीतिमय समर्थन के लिए.!!

आइए हम इस यादगार लम्हें का अंश बने, अखबार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपके शुभकामना बधाई संदेश आपकी तस्वीर के साथ विशेषांक में मुनासिब स्थान दिया जाएगा .!!!

*साधुवाद*

Cc; Editor-in-Chief

Respected Sri. Chhote Lal Sharma ji!

सादर

राजन शर्मा

उप संपादक, कदम कदम पर

संपर्क : + 91-9920371732

# शरद पवार ने भाजपा पर साधा निशाना !




**मुंबई**, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने किसानों की आत्महत्या, देश की आर्थिक स्थिति, महंगाई, महिला अत्याचार, सांप्रदायिकता आदि मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राकांपा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू महाराज, महात्मा फुले, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जैसे महापुरुषों से हमें प्रेरणा मिली है। उनकी प्रेरणा, उनके विचारों के आधार पर काम करना अपना सर्वप्रथम कर्तव्य है। हमें इस बात का गर्व है कि राकांपा प्रगतिशील पार्टी के रूप में काम करने की इच्छुक है। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी महाराज का इतिहास देखो, उन्होंने एक बात सभी के सामने पेश की है कि दिल्ली की सत्ता के समक्ष कभी न झुककर स्वाभिमान का परिचय दिया है। यानी महाराष्ट्र कभी भी दिल्ली के सामने नहीं झुका है, ऐसा संदेश शरद पवार ने इस मौके पर दिया।

**सबका एकजुट होना जरूरी है**

आज हम एक ऐतिहासिक मैदान दिल्ली के तालकटोरा मैदान में जमा हुए हैं। इसी स्थान पर पेशवा ने दिल्ली शासन को चुनौती दी थी। हमें इस बात की खुशी है कि दिल्ली की सत्ता को जहां से चुनौती दी गई थी, उसी स्थान पर हमने आज अधिवेशन आयोजित किया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा एक सांप्रदायिक पार्टी है, जिसे रोकने के लिए हम सभी को एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि राकांपा को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करना है। आगामी पंचायत राज चुनाव पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि अभी से उसकी तैयारियों में जुट जाना चाहिए, महिलाओं और युवाओं को विशेष प्रतिनिधित्व देना है। इस वर्ष देश में कई संकट और राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखने को मिला, अपने पड़ोसी देश श्रीलंका, बांग्लादेश इस स्थानों तानाशाही हुई, जिसका परिणाम पूरे विश्व ने देखा।

आज भारत खाद्य उत्पादन में केवल आत्म निर्भर ही नहीं, बल्कि विश्व के कई देशों को अनाज की आपूर्ति करता है, इस बात को लेकर किसानों पर अभिमान है। लेकिन दुर्भाग्य से आज किसानों की आत्महत्या देखने को मिल रही है। किसानों के लिए बार-बार लड़ाई का समय आया, तो भी उसके लिए तैयार रहने का आह्वान पवार ने किया।

# देश बनाओ देश बचाओ विशाल पद यात्रा समाजवादीयो द्वारा उ.प्र में

उ.प्र , यह देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पद यात्रा 9 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर सरयू पाण्डेय पार्क वीर अब्दुल हमीद शहीदी धरती गाजीपुर की धरती से निकली गयी है।

इस पद यात्रा के नायक नेतृत्व कर्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता बड़े भईया अभिषेक यादव जी कर रहे हैं और इस पद यात्रा का सफल संचालन गाजीपुर की माटी के लाल लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बड़े भईया अमित ठाकुर जी कर रहे हैं इस पद यात्रा का मकसद है की इस देश में बढ़ती हुई महंगाई , शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ो के साथ हो रहे अत्याचार, लूट, हत्या , बालात्कार, डकैती, और लगातार दैनिक जीवन में प्रयोग की जाने वाली सभी चीजों पर GST लगाकर लोगो की कमर तोड़ देना यह देश की पहली सरकार जो अनाज पर और आटा, दूध, दही गेहूँ, चावल, पर पहली बार GST लगाकर अँग्रेजी हुकूमत की तरह पेश किया है इस सरकार ने नौजवानों के ऊपर लगातार हो रहे अन्याय उन्हें नौकरी न देना नौकरी माँगने पर नौजवानों के उपर लाठीचार्ज करवाना और



जो भी परीक्षा सरकार के द्वारा कराई जाती हैं । उसका पेपर लीक होना पुलिस कस्टडी मे सबसे ज्यादा मौते उत्तर प्रदेश राज्य में भाजपा सरकार के द्वारा की गई हैं महिला अपराध में लगाता उत्तरप्रदेश नंबर वन है मीडिया इनकी चाटुकारिता करती हैं सारी की सारी मीडिया को खरीद लिया है भाजपा ने यहां तक कि लोकतंत्र पर खतरा बढ़ गया भाजपा सरकार में यह लोकतंत्र और बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान को भी खत्म करना चाहती हैं आप नागपुर का कानून लगाना चाहती है यह लोकमत का चीरहरण करती हैं इन्ही सब बातों को आम जनता में सीधे - सीधे जनता से संवाद करने के लिए निकाली गयी जनजागरण के माध्यम से गली - गली गॉव - गॉव चौराहों पर बाजारों में जनता से संवाद करके लोगो को भाजपा की गलत नीतियों को बताने का काम कर रहे हैं हम समाजवादी लोग हैं जब भी संविधान पर आंच आएगी इसको बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे यहाँ हिन्दू मुस्लिम करके तुस्टीकरण की राजनीति नही चलेगी मोदी जी यह देश हिंदुओ का भी मुसलमानो का भी है यही इसी देश में गुरुनानक पैदा हुए तो यही चंद्रशेखर आजाद, वीर अब्दुल हमीद, मौलाना अबुलकलाम आजाद , कपूरी ठाकुर, डॉ राम मनोहर लोहिया, राजनारायण, वी0 पी0 मण्डल , अम्बेडकर जी गाँधी जी , आदि अनेक पुरुषों क्रांतिकारी लोग यही पैदा हुए हैं इन्ही सब बातों को जनता में सीधे जनता से संवाद करने के लिए निकले हैं हम भाजपा सरकार की गलत नीतियों को जन जन तक पहुचायेंगे और इसका विरोध करेंगे इस यात्रा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रांतिकारी छात्र नेता बडे भईया राघवेंद्र यादव जी और छात्र नेता अविनाश विद्यार्थी जी और राकेश शर्मा जी जो सुल्तानपुर की धरती से लगातार इस यात्रा में जननायक कपूरी ठाकुर जी की प्रतिमा लेकर लोगो को जगाने का काम कर रहे है।

इस यात्रा में सैकड़ो की संख्या मे नौजवान पैदल चलकर इस गूँगी बहरी सरकार को जगाने का काम कर रहे हैं यह पद यात्रा तब तक चलेगी जब तक इस भाजपा सरकार को हम नौजवान उखाड़ कर नहीं फेंक देंगे जब तक केंद्र की सरकार न बदल जाये।





श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुनील गहलोत अपनी युवा टीम के साथ पहुंचे नारायणी धाम वहां पर पैदल यात्रा में आए हुए सभी भक्त जनों का आभार प्रकट करते हुए फुलप्रूफ वितरण किए और मां नारायणी के दर्शन करके आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की और दर्शन करने वाले सभी भक्त जनों ने श्री नारायणी सेना जिंदाबाद का उच्चारण करते हुए मां नारायणी व श्री सेन जी महाराज के जयकारे लगाए

जय-जय श्री नारायणी सेना

श्री नारायणी सेना महाराष्ट्र

प्रदेश प्रभारी

सुखदेव सेन विक्रम धुवारिया

बींठवालिया नागौर राजस्थान

# संपादकीय

## सेनाओं की वापसी

पूर्वी लद्दाख में एक इलाके से चीन के पीछे हटने की खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है, लेकिन क्या हम वाकई समग्र सीमा समाधान की ओर अपेक्षित गति से बढ़ रहे हैं? भारत ने शुक्रवार को कहा कि हॉट_प्रिंग्स में भारतीय और चीनी सैनिकों की वापसी 12 सितंबर तक पूरी हो जाएगी और दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह देखने वाली बात होगी कि क्या चीन भी समान भाव से पीछे हट रहा है? घुसपैठ तो उसी ओर से हुई थी। सीमा पर शांति के लिए उसका पीछे हटना ज्यादा जरूरी है। खैर, दोनों देशों के सैन्य कमांडरों ने यह संयुक्त बयान जारी किया है, तो इसके निहितार्थ को समझा जा सकता है। बताया जा रहा है कि पीछे हटने पर 17 जुलाई को ही सैन्य कमांडर स्तरीय 16वीं बैठक में सहमति बन गई थी, लेकिन जब जमीनी स्तर पर दोनों देशों की सेनाओं ने पीछे हटना शुरू किया, तब सबको बताया गया। सहमति के अनुरूप गोगरा-हॉट_प्रिंग्स के क्षेत्र से सैनिक हटेंगे, इसे पेट्रोलिंग प्वॉइंट-15 या पीपी-15 भी कहा जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया है कि पीछे हटने की प्रक्रिया 8 सितंबर को शुरू हुई है और 12 सितंबर तक चलेगी। पीपी-15 पर चल रहे गतिरोध का अंत सकारात्मक संकेत है। गलवान घाटी, पैंगोंग झील के कुछ इलाकों से सेनाओं की वापसी हो गई है। सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता पूरी तरह से नाकाम नहीं कही जा सकती। हालांकि, इस नई सूचना के आने से पहले तक यही चर्चा थी कि सैन्य कमांडर स्तरीय वार्ता से कुछ खास लाभ नहीं है और चीन हठ पर अड़ा हुआ है। यहां तक कहा जा रहा था कि समाधान के लिए मंत्री या कूटनीतिक अधिकारी स्तरीय वार्ता शुरू होनी चाहिए। खैर, अच्छी बात है कि वार्ता में खर्च हुआ समय और संसाधन बेकार नहीं गया। अगर चीन वाकई सीमा पर शांति बहाल करने का इच्छुक है, तो उसे समग्र समाधान की दिशा में बढ़ना चाहिए। भारत सीमा विवाद का यथोचित समाधान चाहता है, उसकी मंशा कभी भी घुसपैठ या किसी की जमीन हड़पने की नहीं रही है और न हम ऐसा कोई दावा करते हैं। हमारे लिए जरूरी है कि हम अपनी भूमि की रक्षा करें। जबकि सच यह है कि चीन हमें धीरे-धीरे खुरचने की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत को आगे की वाताओं में अकाट्य तर्क और तथ्य के साथ चीन को पीछे हटने के लिए मजबूर करना चाहिए। पड़ोसी देश को अगर अपनी गलती का एहसास नहीं है, तो हमें पूरी सक्रियता के साथ उसे समाधान की दिशा में ले जाने की कोशिश करनी चाहिए। एक पहलू यह भी है कि अगले सप्ताह भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात संभावित है। चीन को ठीक से पता है कि भारत को किसी भी आर्थिक क्षेत्रीय सहयोग संगठन में शामिल करने के लिए सीमा समाधान कितना जरूरी है। आज भारत जैसे विशाल देश को चीन नजरअंदाज नहीं कर सकता, उसे यह भी पता है कि भारत के साथ रहने में उसे हर प्रकार से फायदा है। अतः चीन को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना चाहिए। उसकी मंशा स्पष्ट होनी चाहिए और भारत-चीन सीमा का स्थायी समाधान ठीक वैसे ही होना चाहिए, जैसे रूस-चीन सीमा का हुआ। भारत को छोटे-छोटे समाधानों पर अभिभूत होने के बजाय अंतिम और संपूर्ण समाधान के लिए प्रयासरत होना चाहिए। आने वाली तमाम उच्चस्तरीय मुलाकातों में भी भारत को अपनी बात पुरजोर रखनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री प्रशासन चलाएंगे और दौरा भी करेंगे

## सुप्रियाताई चिंता न करें: चंद्रकांत पाटिल



**कल्याण :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता सांसद सुप्रिया सुले ने सवाल उठाया था कि क्या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सरकार चलाते हैं या बस घूमते हैं। राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सुप्रियताई को सलाह दी है कि वे चिंता न करें। मुख्यमंत्री ही सरकार चलाएंगे और घूमेंगे भी। एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बहुत अच्छा प्रशासन चल रहा है। तुम घर से बाहर भी नहीं निकले। इसलिए सुप्रिया ताई ने कहा कि हमें दो मुख्यमंत्री चाहिए। एक प्रशासन के लिए, और एक घूमने के लिए। इस पर बीजेपी नेता कैबिनेट मंत्री चन्द्रकांत पाटिल ने सुप्रिया सुले के सवाल पर कहा कि आप चिंता न करें। यह सरकार चल भी रही है और घूम भी रही हैं।

कल्याण तालुका के गोवेली में जीवनदीप शैक्षिक संस्थान द्वारा क्षेत्र के कीर्तनकारों के लिए शनिवार को एक सार्वजनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी विधायक किसन कथोरे, कुमार आयलानी, पूर्व विधायक नरेंद्र पवार और जीवनदीप शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष रविंद्र घोड़विंडे मौजूद थे। इस बार मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा शिक्षा के साथ कौशल विकास पर जोर दें। इसके लिए हम उन्हें फंड देंगे। संस्था के अध्यक्ष घोड़विन्डे ने अत्यंत सुदूर क्षेत्र में एक शिक्षण संस्थान की स्थापना की। इस क्षेत्र में छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में एक लॉ कॉलेज प्रदान किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कला विज्ञान, बीएससी की शिक्षा से क्या नहीं होगा। यह समाज की एक छोटी सी जरूरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि इन विषयों के ज्ञान और कौशल विकास को इसमें जोड़ दिया जाए, तो एक ओर युवा बुद्धिमान बनेंगे और दूसरी ओर उन्हें रोजगार मिलेगा। इतना ही नहीं, बीए, बीएससी, बीकॉम ही नहीं करेगा। यह सामान्य ज्ञान है। बीएससी के साथ स्किल डेवलपमेंट होना चाहिए। जिससे ज्ञान और कौशल में वृद्धि होगी। मंत्री पाटिल ने यह भी बताया कि इससे युवाओं को रोजगार के लिए लाभ होगा।

# जानें क्यों विक्रोली पुलिस ने किया रुक्मणिबाई अस्पताल का एंबुलेंस जप्त

**कल्याण :** पूर्व नगरविकास मंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा डोनेट की गई एंबुलेंस को विक्रोली पुलिस ने जप्त कर लिया है और गाड़ियों के कागजात उपलब्ध नहीं होने का खामियाजा एंबुलेंस चालक भुगत रहे हैं। विक्रोली पुलिस कागजात के लिए मारुति निकम नामक एंबुलेंस चालक को ही धमका रही है जिससे शव वाहिनी और रुग्णवाहिका चलाने वाले कल्याण के रुक्मणिबाई अस्पताल के चालकों में नाराजगी व्याप्त हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 19 अक्टुबर 2022 को एमएच-04 खढ1104 नम्बर के एंबुलेंस चालक मारुति निकम एक पेशेंट को लेकर मुंबई जा रहे थे। रास्ते में एक दूसरे अन्य वाहन की गलती से उनका एंबुलेंस डिवाडर से टकरा गया। निकम ने मरीज को फौरन दूसरे एंबुलेंस में शिफ्ट कर अस्पताल के लिए रवाना कर दिया। दुर्घटना के बाद विक्रोली पुलिस ने एंबुलेंस को जप्त कर लिया और चालक से गाड़ी के कागजात लाने की बात कही। गौरतलब है कि वर्षों पहले उक्त एंबुलेंस तत्कालीन नगरविकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने केडीएमसी के रुक्मणिबाई अस्पताल को डोनेट की थी। पुलिस एंबुलेंस चालक मारुति निकम पर कागजात के लिए दबाव बना रही है और निकम केडीएमसी मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। गुरूवार को निकम ने शिवसेना के कल्याण शहर प्रमुख (उभासे) सी.पी. मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें निवेदन देकर पुलिसिया परेशानी से बचाने की मांग की।



शिवसेना कल्याण शहर प्रमुख (उभासे) सी.पी. मिश्रा ने निकम को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया हैं। बताया जाता है कि कल्याण और डोंबिवली के दोनों अस्पताल में महज 18 से 20 एंबुलेंस हैं और किसी भी एंबुलेंस का पूर्ण कागजात वैद्यकीय विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। रुक्मणिबाई अस्पताल में शव वाहिनी और एंबुलेंस के अभाव में ना सिर्फ चालकों की संख्या कम है, बल्कि 20 लाख जनसंख्या के बीच महज 18 से 20 गाड़ियां ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

# विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिका द्वारा स्वयं विद्यालय की सफाई कर स्वक्ष शिक्षा अभियान पर जोर दिया

**वाराणसी,** दिनांक 9 सितम्बर 2022 को जिला प्रशासन वाराणसी के निर्देशानुसार, विकास खंड बड़ागांव के कठिरांव न्याय पंचायत स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय कठिरांव में सम्पूर्ण विद्यालय स्वक्षता अभियान अंतर्गत सभी शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र, संबद्ध आंगनवाड़ी, रसोईयां द्वारा छात्र/छात्राओं की अलग-अलग टोलियों के साथ सभी कक्षा-कक्ष के दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों की सफाई, फर्श की धुलाई, सभी शौचालयों, मुत्रालयों की सफाई और विद्यालय प्रांगढ और किचन गार्डन में जगह-जगह उगे अनावश्यक घास-फूस की सफाई पूरे लगन और उत्साह के साथ किया और कराया गया।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व एवम डा0 अजय शर्मा के प्रबंधन में स0 अ0 श्री श्याम बहादुर, श्रीमती सुदामा देवी, श्रीमती रेखा सिंह, श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, श्री अमरेंद्र भारती, श्री गोपाल द्विवेदी, श्री रंजय कुमार, श्री शिवाजी, श्री राम चंद्र, शि0 मि0 श्रीमती सीता देवी, संबद्ध आंगनवाड़ी श्रीमती गीता मौर्या व गिरजा देवी और रसोईयां उर्मिला, अनीला, राजदेई, कलावती तथा श्रीमती उषा देवी और बाल प्रधान मंत्री कृष्णा पटेल के नेतृत्व में सभी बाल मंत्रियों में गायत्री शर्मा, अंश वर्मा, इमरान, कृतिका, कोमल, अमन, ईशिका, लक्ष्य, नियाज, रवि वर्मा, रोशनी, अंशिका, रितिका, अमन, आकांक्षा को टोली प्रमुख बनाया गया जिसके माध्यम से सबने अपने पूर्ण नेतृत्व और जिम्मेदारियों के साथ बेहतर साफ-सफाई के करते हुए विद्यालय को भौतिक रूप से और भी सुंदर और आकर्षक बनाया।

# लालजी शर्मा (बबलू) के जन्म दिन पर अनिल शर्मा ने दी शुभकामनाएँ



**जौनपुर,** लालजी शर्मा (बबलू) शर्मा ग्राम प्रधान परानपुर जौनपुर के जन्म दिन पर जनपद समाज सहित तमाम लोगो ने जन्म दिन पर दी शुभकामाएं मुंबई से अनिल शर्मा, श्याम जी शर्मा, मंजेश शर्मा, गौरव शर्मा, गोपाल शर्मा ने दी शुभकामनाएं और उज्जव भविष्य की की कामनाएं। लालजी शर्मा ने सभी शुभचिंतको को जताया आभार।

# बड़ागांव के खंड शिक्षा अधिकारी आदरणीय क्षमा शंकर पांडेय द्वारा 8 सितंबर को क्रांतिकारी विद्यालय भ्रमण



**वाराणसी,** जिला प्रशासन वाराणसीनिदेर्शानुसार,विकास खंड बड़ागांव के खंड शिक्षा अधिकारी आदरणीय क्षमा शंकर पांडेय जी द्वारा 8 सितंबर को क्रांतिकारी विद्यालय भ्रमण कर विकास खंड बड़ागांव के सभी एआरपी,शिक्षक संकुल, प्र0अ0, स0अ0, शि0मि0, आंगनवाड़ी और रसोइयों को प्रोत्साहित कर स्वच्छ स्कूल सुंदर स्कूल के महा स्वच्छता अभियान का कुशल और सफल नेतृत्व किया गया और सर्व प्रथम कई विद्यालयों में सफाई कार्य करते हुए हम सबको प्रेरित किया गया प्रेरणास्रोत खंड शिक्षा अधिकारी श्री क्षमा शंकर पांडेय जी द्वारा बड़ागांव ब्लाक भ्रमण के दौरान एआरपी श्री राजाराम यादव,श्री शतीस सिंह,श्री शीश रंजन पाठक,श्री पंकज त्रिपाठी और श्री विजय सिंह को ब्लाक स्थित सभी विद्यालयों और साथ ही साथ न्याय पंचायत कठिरांव स्थित विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षक संकुल डा0 अजय शर्मा, डा0 अरुण मिश्रा,श्री राजेश यादव,श्री राम प्यारे राम और श्री पुनीत कुमार को न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों में महा सफाई अभियान को सफल बनाने हेतु विशेष जिम्मेदारी दिया गया जिसे संबंधित लोगों द्वारा बखूबी निभाया गया।

# रविन्द्र कुमार शर्मा के जन्म दिन पर अनिल शर्मा ने दी शुभकामनाएँ

**भदोही,** रविन्द्र कुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा बी जे पी भदोहो युवा समाज सेवक का जन्म दिन पर जनपद भदोही सहित कई प्रदेश के लोगो ने जन्म दिन पर दी शुभकामाएं मुंबई से अनिल शर्मा, मिजार्पुर से दिलीप शर्मा पूर्व प्रधान ने दी शुभकामनाएं और उज्जव भविष्य की की कामनाएं। रविन्द्र कुमार ने सभी को जताया आभार।



# हंस युवा प्रतिष्ठान, मुलुंड के गणेशोत्सव में मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे पधारे



**मुंबई।** मुलुंड (प),आर.आर टी. रोड पर कई वर्षो से ह्लहंस युवा प्रतिष्ठान ह्ल द्वारा स्थापित हो रहे ह्ल सार्वजनिक गणेशोत्सव ह्ल में महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे का दर्शन हेतु आगमन हुआ। इस अवसर पर रमेश सिंह, वरूण ठक्कर, धीर ठक्कर, जगदीश शेट्टी द्वारा शाल,श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवम गणेश प्रतिमा प्रदान कर सत्कार किया गया।

नितेश राणे ने कहा कि राज्य में कुछ विवाह करने वाली संस्थाएं है जो बड़ी संख्या में हिंदू लड़कियों के धर्मांतरण को प्रोत्साहित और समर्थन कर रही हैं। यह मैरिज एजेंसी महज 2000 रुपये में फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट मुहैया करा रही है। ऐसी शादियां बंद होनी चाहिए और ऐसे लोगों को जेल में डाल देना चाहिए।

**मानसून सत्र में भी उठा था मुद्दा**

इसके पहले मानसून सत्र के दौरान भाजपा विधायक नितेश राणे सदन में यह मुद्दा उठा चुके है जिसमे उन्होंने सदन को बताया था कि हिन्दू लड़कियों को अलग अलग लालच देकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर किया जा रहा है जो महाराष्ट्र के लिए एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अहमदनगर के श्रीरामपुर में धर्म परिवर्तन के नाम पर एक नाबालिग लड़की को बरगलाया जाता है. एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार और दुरुपयोग किया जाता है। नितेश राणे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के हर नुक्कड़ पर धर्म परिवर्तन के नाम पर नाबालिग लड़कियों को बरगलाया और सशक्त बनाया जा रहा है।

# जौनपुर में पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश कुमार शर्मा को सम्मान पत्र देकर किया गया सम्मानित

**जौनपुर,** आज पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश कुमार शर्मा को अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने पत्रकार सम्मान पत्र से किया सम्मानित उर्वशी सिंह जी ने पत्रकार एकता संघ की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज आप के संगठन पत्रकार एकता संघ के द्वारा जो आज कार्य किया जा रहा है। उसकी जितनी प्रशंसा करु उतनी कम है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।




# 'सफर जिंदगी का' गजल गायन समारोह

**मुंबई।** डॉ.मिलिंद शेजवल द्वारा लिखित हिंदी,मराठी गजल संग्रह ह्लसफर जिंदगी काह्ल के चुनिंदा गजलों का गायन समारोह अमि वृंदावन सोसायटी,मुलुंड (प)पर संपन्न हुआ।


इस अवसर पर सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गजल गायिका सौ.विभावरी बांधवकर ने 4 हिंदी गजलों को संगीत बद्ध गायन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।




मराठी गजलों को सौ.अनिता जितुरी एवम मंगेश गांगुर्डे ने संगीत मय स्वर प्रदान किया।महफिल का सफल संचालन डॉ.श्वेता शेजवल ने किया। संगीत संयोजन रवि मोहिते के मार्गदर्शन में जयेश राजगुरु एवम प्रकाश शिर्के ने संगीत मय महफिल संपन्न हुआ

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126


संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।



श्यामजी शर्मा झोपड़पट्टी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा हमारे निवास स्थान पर , सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर भदोही से मुंबई आऐ मोहनलाल शर्मा नाई समाज के वरिष्ठ समाजसेवी उनको साल देकर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया . साथ में सोसल मिडिया प्रभारी गौरव शर्मा,, मंजेश कुमार शर्मा, गोपाल प्रसाद शर्मा, आकाश शर्मा समस्त नाई समाज , अजय कुमार यादव वार्ड महामंत्री 175 भाजपा.



नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व महाराष्ट्र प्रभारी श्री चंद्रप्रकाश पांडेयजी ने महाराष्ट्र का नया प्रदेश अध्यक्ष श्री सोमनाथ मिश्र जी को नियुक्त किया सभा मे उपस्थित पार्टी उपाध्यक्ष श्री श्रीकांत पांडेयजी श्री रंजीत तिवारीजी सचिव श्री रमेश कुमार मिश्र महाराष्ट्र की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सोनम सिंघजी व अन्य सदस्य उपस्थित थे



बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन।।
मानव को आगे भी एसा ही यश प्राप्त हों यहीं सेन महाराज, मा नारायणी,साईं, बाबा चरण में प्रार्थना है।।
अशोक पवार प्रशांत dinode गोपाल lilde
अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सचिव राजस्थान प्रभारी,
सभी मान्यवर पदाधिकारी, महाराष्ट्र,
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना

# 132 करोड़ रुपये के फर्जी बिल के साथ गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई जोन में केंद्रीय माल और सेवा कर CGST के भिवंडी आयुक्त की टीम ने एक फर्जी चालान रैकेट का भांडाफोड़ करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह पर 132 करोड़ रुपये के फर्जी बिल के सहारे 23 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने का आरोप है। गिरोह के मुख्य आरोपित की पहचान हसमुख पटेल के रूप में की गई है अधिकारी ने बताया कि सीजीएसटी भिवंडी आयुक्त की चोरी-रोधी शाखा विभिन्न फर्जी फर्मों की जांच कर रही थी, जिनमें मेसर्स मेकटेक स्टील ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स यूजीएसके ट्रेडर, मेसर्स वर्ल्ड एंटरप्राइजेज, मेसर्स रोलेक्स एंटरप्राइजेज और मेसर्स एचएचटी एंटरप्राइजेज और मेसर्स यश एंटरप्राइजेज शामलि है। जांच के दौरान इन कंपनियों और मुख्य आरोपित हसमुख पटेल के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संबंध पाए गए।

**खुफिया जांच में मिले धोखाधड़ी के कई सबूत**

सीजीएसटी भिवंडी आयुक्त की एक चोरी-रोधी शाखा ने खुफिया जानकारी के आधार पर धोखाधड़ी के आठ मामलों में आरोपित के घर पर छापामारी की। जांच में पता चला कि आरोपित हसमुख पटेल ने कथित तौर पर फर्जी फर्मों का एक बड़ा नेटवर्क बना रखा है, जिसके माध्यम से उसने 132 करोड़ रुपये के नकली चालान बनाए और किसी सामान और सेवाओं की आपूर्ति किए बगैर 23.16 करोड़ रुपये के नकली आईटीसी का लाभ उठाया।

# सरकार मराठी को गंभीरता से बढ़ावा दे, सरकारी वकील भर्ती परीक्षा इस भाषा में भी हो- हाईकोर्ट

**महाराष्ट्र :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र में सरकारी वकील भर्ती परीक्षा को मराठी में भी आयोजित करने का निर्देश दिया है। निर्देश देते हुए कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को मराठी भाषा को बढ़ावा देने के लिए अपनी नीति को गंभीरता से लागू करना चाहिए। न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की खंडपीठ ने प्रताप जाधव की याचिका पर सात सितंबर को आदेश पारित किया, जिसमें लोक अभियोजकों के पदों के लिए परीक्षा केवल अंग्रेजी के बजाय मराठी में भी आयोजित करने की मांग की गई थी। शनिवार को आदेश को जारी कर दिया गया। जाधव ने कहा था कि उन्होंने स्कूल से मराठी में पढ़ाई की है और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी और सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालतों के समक्ष कार्यवाही आमतौर पर मराठी भाषा में की जाती है। मराठी एक स्थानीय भाषा है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि महाराष्ट्र सरकार को इस मुद्दे पर गंभीर होना चाहिए था। सरकार यह नहीं कह



सकती कि मजिस्ट्रेट और सिविल जजों की परीक्षा के लिए मराठी भाषा में उत्तर देने के लिए सुविधा को प्रदान किया जा सकता है और लोक अभियोजक की परीक्षा के लिए समान सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी। वास्तव में, यह सरकार का सामान्य रुख है कि स्थानीय भाषा (मराठी) को बढ़ावा दें। हम सरकार के रुख की थाह नहीं ले सकते।

अदालत ने कहा कि परीक्षा 11 सितंबर, 2022 को निर्धारित है और इसलिए इस साल की परीक्षा के लिए आदेश पारित करना संभव नहीं हो सकता है। हालांकि, सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोक अभियोजकों के लिए होने वाली अगली परीक्षा अंग्रेजी के साथ-साथ मराठी भाषा में भी आयोजित की जाएगी। अदालत ने आगे कहा कि उसके आदेश से राज्य की भाषा मराठी को बढ़ावा देने की महाराष्ट्र सरकार की नीति को लागू करने मे मदद मिलेगी।

याचिका में दावा किया गया है कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) मराठी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में निचली अदालतों के चयन के लिए परीक्षा आयोजित करता है। अतिरिक्त सरकारी वकील मोलिना ठाकुर ने अदालत को बताया कि इस साल सरकारी वकील के पदों के लिए 7,700 उम्मीदवार परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल याचिकाकर्ता ने भाषा पर आपत्ति जताई है और मराठी भाषा में उत्तर पत्रों का आकलन करने के लिए एक परीक्षक मिलना संभव नहीं है।

# कूर्मि महासभा का चतुर्थ राष्ट्रीय महिला महाधिवेशन



**मीरजापुर।** उप्र में अखिल भारतीय कार्मि क्षत्रिय महासभा का चतुर्थ राष्ट्रीय महिला महाधिवेशन का आयोजन ८ एवम ९ अक्दूबर २२ को यूनिटेक इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कैलहट,चुनार, मीरजापुर (उ.प्र.) मे आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम मे स्वजातीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री के साथ ही उ प्र व अन्य राज्यों के वर्तमान व पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, कुलपति, प्रशासनिक अफसर और प्रमुख सामाजिक एवम् राजनैतिक नेता व कार्यकर्ता आधी आबादी महिला को विविध क्षेत्रों में आगे बढ़ कर कार्य करने हेतु प्रेरित उत्साहित करने के लिए रखने का प्रयास है।

उक्त कार्यक्रम में मीरजापुर मा सांसद अनुप्रिया पटेल जी ( केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री), मा श्री स्वतंत्र देव सिंह (जल शक्ति मंत्री उ प्र), मा श्री आशीष पटेल (प्राविधिक शिक्षा बांट माप एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री उप्र), भा श्री रमाशंकर सिंह पटेल (पूर्व राज्य मंत्री उ प्र विधायक मड़िहान मीरजापुर), मा श्री अनुराग सिंह पटेल (विधायक चुनार मीरजापुर) आगंतुकों के आतिथ्य और प्रेरणा हेतु उपस्थित रहेंगे।

महाधिवेशन का आयोजन अखिल भारतीय कार्मी क्षत्रिय महिला महासभा की राष्ट्रीय टीम द्वारा किया जा रहा है जिसकी संपूर्ण व्यवस्था अखिल भारतीय कार्मि क्षत्रिय महासभामीरजापुर एवं महिला ईकाई मीरजापुर द्वारा किया जा रहा है, महाधिवेशन के संयोजक हरिशंकर सिंह पटेल (७००७२१८६८७) ने देशभर के कूर्मि परिवार जनों से अधिक से अधिक सपरिवार इस आयोजन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है

एवम् महाधिवेशन में हिस्सा लेने वाले लोगों से अनुरोध किया है कि सुविधा के लिए आगमन की सूचना ९६९५७८६१२६ व्हाट्सएप नंबर पर आयोजन समिति को उपलब्ध कराये।



**जालना महाराष्ट्र निवासी राजेन्द्र जी बलभद्रजी** toksiya,
**रामदेवरा पदयात्रा कर के आए,**
**इनका सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार** khandalkar

# जिले की सुप्रसिद्ध शेख बफ्फत शायर मेमोरियल कजली महोत्सव का आयोजन

**सीखड़ (मीरजापुर)!** जिला में कजली के लिए प्रसिद्ध जगह सीखड़ में परंपरागत कजली महोत्सव का आयोजन भाद्रपक्ष के उतरानी द्वादशी पर सीखड़ बाजार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान धन्जय मिश्रा के द्वारा माल्यार्पण अंगवस्त्र देकर कर किया गया।सीखड़ की धरती पर ही सैकड़ों साल पहले जन्मे बफ्फत कवि जिन्होंने कजली के साथ हीं एक से बढ़कर एक निर्गुण, भजन व अन्य रचनाएं लिखीं जिन्होंने विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी। आज महोत्सव में पधारे मीरजापुर



जिले के मशहूर गायक मो॰ इस्लाम, जाल्हूपुर वाराणसी के जहांगीर के अखाड़े से रोजन अली, बफ्फत शायर के अखाड़े से मीरा सिंह सहित आधा दर्जन गायकों ने अपनी गायकी से लोगों का मन मोह लिया। महोत्सव की शुरूआत रोजन अली और मीरा सिंह के द्वारा गायन कर



सवाल जवाब के तहत किया गया। सीखड़ की धरती पर ही जन्मे नवोदित गायक जन्मेजय मिश्रा ने अपनी गायकी से लोगों का दिल जीत लिया। इसी के साथ सुमिरिनी हरदम भजा करो तुम हरी के साथ बारहोमासी और श्रृंगार रस कि कजली गजब की बंसी बजती थीं मुरलीधर कन्हैया की के साथ बहुत ही सुन्दर गायकी लोगों को सुनाकर गायकों ने लोगों को पुराने दिनों की याद दिला दी।

इस अवसर पर गोश्ईया से विठ्ठलपुर के जिला पंचायत सदस्य के,के, सिंह प्रधान एवं उमेश चंद्र पाण्डेय, अशोक गुप्ता, तारकेश्वर मिश्रा, प्रभुनाथ त्रिपाठी दानी मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी मुकेश तिवारी,छेदी शेख, जिलानी मास्टर,के सहित क्षेत्र के जनता उपस्थित रहीं। वहीं कदम से कदम दैनिक समाचार पत्र के संपादक छोटेलाल शर्मा के द्वारा कजली महोत्सव में 1001 का अमूल्य धनराज सहयोग में दिया गया।




प्रथित यश पत्रकार, अमरावती के जनहित कार्यक्रम तत्पर ३५ पर वार्ता पत्र के स्वरूप में प्राथमिकता से देनेवाले पत्रकार, सेन समाज के आदर्श परिवार निर्बान परिवार के, मेरे आदरणीय byayji सा श्री प्रणय जी निर्बान इन्हें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई एवं अभिनंद- अशोक लालचंद पवार, अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन, सभी मान्यवर पदाधिकारी.

# माँ मुम्बा देवी दर्शन को पधारे रमेश चंद्र मिश्रा जी

**मुंबई :** गणेश उत्सव के इस माहौल में पवित्र देव भूमि उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर से माँ मुम्बा देवी दर्शन को आए नवनिर्वाचित विधायक श्री रमेश चंद्र मिश्रा जी और महाराज गंज की ब्लाक प्रमुख श्रीमती मांडवी सिंह जी साथ रहे उनके पति विनय सिंह भूतपूर्व प्रधान प्रयास उपाध्याय. राय अभय सिंह और तमाम अतिथिगण और कार्यकर्ता मैजूद रहे. मिश्रा जी का मार्गदर्शन व स्वागत मुंबई कालबादेवी सी वार्ड के भारतीय जनता पार्टी के सबसे संघर्षशील



उत्तर भारतीयो के सबसे प्रमुख नगरसेवक मा.जनक संघवी जी ने किया. साथ में व्यवसायी उद्योगपति श्री राजू भाई जैन जी .समाजसेवक श्री हौशिला प्रसाद गुप्ता जी. उपाध्यक्ष श्री गणेश राधिका प्रसाद दुबे जी (भाजपा) बेचन सोनी जी. मनोज गुप्ता जी और हेमन्त जाधव जी (माँ मुम्बादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ) भी मैजूद रहे और मिश्रा जी का स्वागत सम्मान किया. जनक जी के नेतृत्व में माँ मुम्बा देवी का दर्शन करने आये रमेश चंद्र मिश्रा जी और ब्लाक प्रमुख श्रीमती मांडवी सिंह जी और तमाम अतिथिगण माता जी का दर्शन करने से बहुत खुश हुये और सभी लोगो का हृदय से आभार व्यक्त किया और जनक संघवी और राजू भाई जैन को उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर आने का विनम्र निवेदन भी किया इस अवसर पर मिश्रा जी और उनकी पूरी टीम ने कई गणपति पांडालों पर जाकर भगवान विघ्नहर्ता के दर्शन और पूजा अर्चना भी की मिश्रा जी इस सबका श्रेय श्री हौशिला प्रसाद गुप्ता जी को दिया है.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com